उत्तर प्रदेश शासन

लोक निर्माण विभाग

का

कार्यपूर्ति दिग्दर्शक

आय-व्ययक

(परफार्मेन्स बजट)

वर्ष

2003-2004

प्राक्कथन

इस पुस्तिका में लोक निर्माण विभाग का वर्ष 2003-2004 का कार्यपूर्ति दिग्दर्शक बजट प्रस्तुत किया जा रहा है। राज्य के वित्तीय बजट 2003-2004 के अनुदान सं0 54, 55, 57 तथा 58 के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के लिये प्रस्तावित वित्तीय प्राविधानों के अनुसार इस कार्यपूर्ति दिग्दर्शक बजट में विभाग की स्थिति बताई गई है।

2- प्रस्तुत कार्यपूर्ति दिग्दर्शक बजट में लोक निर्माण विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्यकलापों का वर्गीकरण उनके ऊपर होने वाले व्यय के वास्तविक लक्ष्यों और उपलब्धियों को यथा सम्भव संकलित करने का प्रयास किया गया है ताकि प्राविधानित धनराशि के व्यय पर अधिक अच्छा नियंत्रण रखा जा सके तथा व्यय का उपलब्धियों के साथ समन्वय स्थापित किया जा सके।

प्रमुख सचिव,
लोक निर्माण विभाग
लखनऊ।

विषय सूची

क्रम सं0	विषय	पृष्ठ संख्या
1	भूमिका	1
2	प्रशासन	2
3	मार्ग विकास	3
	अ- मार्ग विकास नीति	4-5
	ब- राष्ट्रीय मार्ग	6 - 9
	स- महत्वपूर्ण मार्ग विकास योजनाएं	10-15
4	भवन कार्य	16
5	बाह्य सहायता	17-18
6	अन्वेषणालय	19
7	कम्प्यूटरीकरण	20-21
8	प्रशिक्षण	22
9	उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम	23-25
10	उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम	26-28
11	लो0नि0वि0 संगठन की संरचना(परिशिष्ट-अ)	29

भूमिका

उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग का मूलभूत उददेश्य :-

यह विभाग प्रदेश में सड़कों एवं पुलों का निर्माण, पुनः निर्माण व सुधार तथा उनका रख-रखाव करता है। राज्य सरकार के कतिपय विभागों के भवनों के निर्माण तथा उनके अनुरक्षरण का दायित्व भी इसी विभाग पर है। यह विभाग प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय मार्गो के अधिकतम भाग के रख रखाव के लिए भी उत्तरदायी है।

लो0नि0वि0 के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थिति निम्नानुसार है :-

क्रम सं0	क्षेत्र का नाम	क्षेत्रीय कार्यालय का मुख्यालय	क्षेत्र के अन्तर्गत मण्डल
1	पश्चिमी	मेरठ	मेरठ, सहारनपुर
2	उत्तर पश्चिमी	बरेली	बरेली
3	आगरा	आगरा	आगरा
4	मध्य	लखनऊ	लखनऊ
5	दक्षिण मध्य	कानपुर	कानपुर
6	फैजाबाद	फैजाबाद	फैजाबाद, देवीपाटन
7	झांसी	झांसी	झांसी, चित्रकूट धाम
8	पूर्वी	वाराणसी	वाराणसी, मिर्जापुर
9	गोरखपुर	गोरखपुर	गोरखपुर, बस्ती
10	आजमगढ़	आजमगढ़	आजमगढ़
11	मुरादाबाद	मुरादाबाद	मुरादाबाद
12	इलाहाबाद	इलाहाबाद	इलाहाबाद

लो0नि0वि0 के अन्तर्गत कार्यरत निगम

उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम :- प्रदेश में पुलों के निर्माण में तीव्रता लाने के लिए 1973 में इस निगम की स्थापना की गई थी।

उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम :- भवन कार्यो में आधुनिक तकनीक का प्रयोग व निर्माण कार्य में तीव्रता लानें के लिए 1975 में इस निगम की स्थापना की गई थी।

प्रशासन

लोक निर्माण विभाग में प्रदेश स्तर पर प्रमुख अभियन्ता का कार्यालय स्थापित है, जिसमें अभियन्ताओं के कार्यो का समन्वय, पर्यवेक्षण तथा नीति सम्बंधी मामलों का कार्य सम्पन्न किया जाता है। प्रमुख अभियन्ता की सहायता के लिए मुख्य अभियन्ता भवन(स्तर-1),मुख्य अभियन्ता विश्व बैंक(स्तर-1), मुख्य अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग (स्तर-2), मुख्य अभियन्ता (डास्प एवं सोडिक स्तर-2), मुख्य अभियन्ता,मुख्यालय प्रथम व द्वितीय (स्तर-2), मुख्य अभियन्ता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (स्तर -2), 12 क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता(स्तर-2), मुख्य अभियन्ता परिवाद (स्तर-2), मुख्य अभियन्ता वि./या.(स्तर2), मुख्य वास्तुविद(मुख्य अभियन्ता,स्तर-2के समकक्ष) के पद सृजित हैं। लो0नि0वि0 संगठन की संरचना परिशिष्ट-अ मे दर्शायी गयी है।

2- विभाग की इकाई खण्ड है। प्रत्येक जिलें में 1 से 4 खण्ड स्थापित है। खण्डो की संख्या, कार्य की प्रकृति एवं परिमाण पर निर्भर होती है।

गत तीन वर्षो में लोक निर्माण विभाग के खण्डों एवं वृत्तों की स्थिति निम्न प्रकार है :-

खण्डो एवं वृत्तो के प्रकार	2000-01		2001-02		2002-03	
	खण्ड	वृत्त	खण्ड	वृत्त	खण्ड	वृत्त
अधिशासी (Executive)						
मैदानी क्षेत्र के मार्ग तथा भवन	165	32	154	29	158	29
राष्ट्रीय मार्ग	25	05	27	05	25	04
एशियन विकास बैंक परियोजना	39	08	50	12	47	12
विद्युत /यांत्रिक /एस.आर.पी.-2 यू0पी0-डास्प						
योगः-	229	45	231	46	230	45
अनाधिशासी (Non-Executive)						
सर्वेक्षण,नियोजन परियोजना	18	05	17	05	18	06
अन्वेषण, विश्व बैक कार्य तकनीकी प्रकोष्ठ	02	-	02	-	02	--
योग	**20**	**05**	**19**	**05**	**20**	**06**
महायोगः-	**249**	**49**	**250**	**51**	**250**	**51**

3- विभागीय पदों की स्थिति निम्न प्रकार हैः-

पद	स्थायी	अस्थायी	योग
राजपत्रित	1068	528	1596
अवर अभियन्ता	4268	-	4268
मानचित्रकार	193	-	193
नियमित कर्मचारी (समूह ग एवं घ)	31,555	-	31,555
कार्य प्रभारित कर्मचारी	-	16897	16897
दैनिक वेतन भोगी	-	7558	7558
योगः-	37084	24983	62067

मार्ग विकास

प्रदेश के बहुमुखी विकास के लिए अवस्थापना सुविधाओं को उपलब्ध कराने में मार्ग व्यवस्था का विशेष महत्व है। मार्गो का विकास प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु नितांत आवश्यक है। इस महत्वाकांक्षी योजना को मूर्त रूप देने का दायित्व प्रमुख रूप से लोक निर्माण विभाग का है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के समय प्रदेश में उत्तरांचल राज्य सहित सड़कों की लम्बाई 15113 कि0मी0 थी जो 31.3.2002 को 1,12,822 कि0मी0 हो गयी है ।

भारतीय सड़क काग्रेस द्वारा सन् 1985 में 20 वर्षीय (1981 से 2000) मार्ग विकास की एक महत्वाकांक्षी योजना की रूप रेखा तैयार की गई थी जिसे 'लखनऊ प्लान' का नाम दिया गया। इसके सापेक्ष विभिन्न श्रेणियों के मार्गों सहित मार्च 2002 तक उपलब्धियों का विवरण निम्नवत है।

मार्ग की लम्बाई (कि0मी0 में)						
क्रम सं0	मार्ग का वर्गीकरण	लखनऊ प्लान के अनुसार 1981 से 2000 की मार्ग विकास योजना के लक्ष्य (कि0मी0 में)	31.3.99 तक	31.3.00 तक	31.3.01 तक	31.3.02 तक
1	2	3	4	5	6	7
1	राष्ट्रीय मार्ग	5,888	4,232	4,495	3,811	4,860
2	राज्य मार्ग	35,300	8,702	9,486	9,939	9,609
3	प्रमुख जिला मार्ग	59,310	8,789	9,831	7,198	7,305
4	अन्य जिला मार्ग	0	27,440	25,351	25,615	25,418
5	ग्रामीण मार्ग *	2,54,662	72,832	77,580	65,470	65,630
	योगः-	3,55,160	1,21,995	1,26,743	1,12,033	1,12,822

मार्ग विकास नीति

प्रदेश के बहुमुखी विकास के लिए सड़कों, ग्रामीण सम्पर्क मार्गों एवं पुलों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए लोक निर्माण विभाग की मार्ग विकास नीति वर्ष 1998 में घोषित की गयी थी। इस नीति के क्रियान्वयन से राज्य में सुचारू परिवहन व्यवस्था के साथ-साथ औद्योगिक विकास, पर्यटन विकास, कृषि उत्पाद के विपणन की सुचारू व्यवस्था से प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा प्रदान की जा सकेगी। मार्ग विकास नीति में प्रमुख रूप से निम्नलिखित कार्यक्रम व योजनाओं को मूर्तरूप दिया जायेगा।

(क) ग्रामीण सम्पर्क मार्गों के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार कर प्रदेश के एक हजार से अधिक जनसंख्या वाले सभी गांवों को सन 2005 तक तथा शेष सभी गांवों को 2010 तक सर्वऋतु योग्य सड़कों से जोड़ने की योजना है।

(ख) यातायात के निर्बाध गति से चलने के लिए गड्ढामुक्त मार्गों की नितान्त आवश्यकता है। इसको दृष्टिगत रखते हुए मार्गों को गड्ढामुक्त रखने की सतत् प्रक्रिया को मार्ग नीति में विशेष बल दिया गया है।

(ग) प्रदेश के मार्गों के समुचित अनुरक्षण के लिए मार्गों का सामयिक नवीनीकरण व यातायात की आवश्यकतानुसार मार्गों का चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण आवश्यक है जिसके लिए वांछित संसाधनों में बढ़ोत्तरी के लिए "सड़क निधि" की स्थापना की गयी हैं। यातायात के घनत्व के आधार पर मार्गों के श्रेणी उच्चीकरण की सतत् प्रक्रिया भी प्रारम्भ की गयी हैं।

(घ) मार्गों के साथ-साथ वृहद सेतुओं के निर्माण एवं कमजोर व संकरे सेतुओं के स्थान पर नये सेतुओं का निर्माण किया जाना भी अत्यन्त आवश्यक है। इसी प्रकार रेलवे सम्पारों के स्थान पर रेल उपरिगामी / अधोगामी सेतुओं का निर्माण भी यातायात के अबाध गति से चलने हेतु अत्यन्त आवश्यक है। शहरों के यातायात के लिए फ्लाई ओवर्स का निर्माण भी आवश्यक है। इन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सेतुओं, उपरिगामी / अधोगामी सेतुओं व फ्लाई ओवर्स के निर्माण के लिए आवश्यक सर्वेक्षण कराकर प्राथमिकता निर्धारित करने के उपरान्त विभिन्न चरणों में इनका निर्माण कराया जायेगा।

(च) घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों के बाई पास, रिंग रोड व एक्सप्रेस वेज के निर्माण में निजी क्षेत्र के निवेशकों एवं शासकीय निर्माण एजेंसीज के मध्य इक्विटी सहभागिता के आधार पर संबंधित योजनाओं को बी0ओ0टी0 पद्धति से निर्माण कराने की योजना है।

(छ) मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण हेतु नाबार्ड एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं से अधिकाधिक धनराशि ऋण के रूप में प्राप्त करके निर्माण हेतु वित्तीय संसाधनों में वृद्धि की जायेगी।

(ज) विभाग के संसाधनों में भारत सरकार से प्राप्त होने वाली विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध धनराशि को डबटेलिंग करके वित्तीय संसाधनों के आधार का विस्तार किया जायेगा।

(झ) योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु लोक निर्माण विभाग में प्रक्रियात्मक एवं संगठनात्मक परिवर्तन किये जायेंगें जिसमें कम्प्यूटरीकरण एवं डाटा बैंक की स्थापना भी सम्मिलित है।

(ट) मार्गों के अनुरक्षण का कार्य केवल लोक निर्माण विभाग द्वारा ही किया जायेगा।

राष्ट्रीय मार्ग -वर्ष 2002-2003

(31.3.2003 तक की स्थिति)

वर्तमान में उत्तर प्रदेश में (उत्तरांचल राज्य को छोड़कर) 30-राष्ट्रीय मार्ग है जिनकी लम्बाई 4931.00 कि.मी. है, जिसका राष्ट्रीय राज मार्गवार विवरण निम्नलिखित है:

क्र. सं.	रा0मा0 सं0	राष्ट्रीय मार्ग का नाम	रा0मा0 की उत्तर प्रदेश म कुल लम्बाई (कि.मी. में)	लो.नि.वि. के अधीन लम्बाई (कि.मी.में)	भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन लम्बाई (कि0मी0में) (एन.एच.ए.आई.)		
					लो.नि.वि. के अनुरक्षण में	पूर्ण रूपेण एन.एच. ए.आई. के अधीन में	योग एन.एच. ए.आई.
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2	दिल्ली-मथुरा-आगरा-कानपुर-इलाहाबाद-वाराणसी-मोहनिया-बाढ़ी-पल्सित वैद्यावती -बारा-कोलकाता	756.000	0.000	--	756.000	756.000
2	3	आगरा-ग्वालियर-शिवपुरी-इन्दौर-धुले-नासिक -थाने-मुम्बई	28.886	-	6.000	22.886	28.886
3	7	वाराणसी-मनगँवा-रीवा-जबलपुर-लखनाडोन-नागपुर-हैदराबाद-कुरनौल- बंगलौर और कृष्णागिरी- सलेम- डिंडीगुलमदुरई, कैपकोमोरिन (कन्याकुमारी)	125.200	125.200	-	-	-
4	11	आगरा-जयपुर-बीकानेर	42.360	42.360	-	-	-
5	19	गाजीपुर-बलिया-हाजीपुर-पटना	127.400	127.400	-	-	-
6	24	दिल्ली-बरेली-लखनऊ	491.000	451.765	-	39.235	39.235
7	25	लखनऊ-कानपुर-झाँसी-शिवपुरी	254.600	-	190.480	64.120	254.600
8	26	झांसी-ललितपुर-लखनाडौन	131.695	-	131.695	-	131.695
9	27	इलाहाबाद-मनगँवा	45.627	45.627	-	-	-
10	28	लखनऊ-फैजाबाद-बस्ती-गोरखपुर-गोपालगंज-मुजफ्फरनगर-मोकामा के पास रा.मा. सं. -31 के जंक्शन तक	367.570	-	367.570	-	367.570
11	29	वाराणसी-गाजीपुर-गोरखपुर	209.095	209.095	-	-	-
12	56	लखनऊ-हैदरगढ़-जगदीशपुर-सुल्तानपुर-वाराणसी	276.700	276.700	-	-	-
13	58	गाजियाबाद-मेरठ-हरिद्वार-बद्रीनाथ-मानापास	134.350	134.350	-	-	-
14	73	रूड़की-सहारनपुर-यमुनानगर-साहा पंचकुला	48.890	48.890	-	-	-
15	74	हरिद्वार-नजीबाबाद-अफजलगढ़-जहांनाबाद-पीलीभीत-बरेली	180.000	180.000	-	-	-
16	75	ग्वालियर-झाँसी-छतरपुर-रीवा	17.145	-	17.145	-	17.145
17	76	पिडवारा-उदयपुर-चित्तौड़गढ़-कोटा-शिवपुरी-झांसी-इलाहाबाद	373.376	373.376	-	-	-
18	86	कानपुर-छतरपुर-सागर	144.700	144.700	-	-	-

19	87	रामपुर-बिलासपुर-पंतनगर-हल्द्वानी-नैनीताल	42.600	42.600	-	-	-
20	91	गाजियाबाद-बुलन्दशहर-खुर्जा-अलीगढ़-एटा -कन्नौज-कानपुर	408.400	408.400	-	-	-
21	92	बेवर-इटावा-ग्वालियर-(मध्य-प्रदेश बार्डर तक)	73.400	73.400	-	-	-
22	93	आगरा-अलीगढ़-बबराला-चन्दौसी-मुरादाबाद	233.000	233.000	-	-	-
23	96	अयोध्या(फैजाबाद)-सुल्तानपुर- प्रतापगढ़-इलाहाबाद	153.795	153.795	-	-	-
24	97	गाजीपुर-जमानियॉ-सैयदराजा	56.200	56.200	-	-	-
25	75 का विस्तार	रीवॉ-रेनुकूट-गरवां-डाल्टनगंज-रांची	91.278	91.278	-	-	-
26	24-ए	लखनऊ बाईपास(रिंग रोड)	10.794	10.794	-	-	-
27	58-ए	दिल्ली-गाजियाबाद-वाया मोहननगर	11.300	11.300	-	-	-
28	72-ए	छुटमलपुर-मोहन्ड-देहरादून	33.000	33.000	-	-	-
29	2 ए	बारा-अकबरपुर-सिकन्दरा	39.900	0.000	-	39.900	39.900
30	56 ए 56 बी	लखनऊ-बाईपास(रिंग रोड)	22.850	0.000	-	22.850	22.850
		कुल लम्बाई	4931.111	3273.230	712.890	944.991	1657.881
		अर्थात्	4931.000	3273.000	713.000	945.000	1658.000

राष्ट्रीय मार्ग की महत्वपूर्ण योजनाएँ

1- बाईपासः-

(अ-1)- पूर्ण योजनायेंः-

1.	फैजाबाद बाईपास यातायात हेतु खोला जा चुका है। सुरक्षात्मक कार्य 3/2003 में पूर्ण करा दिये गये है।
2.	बस्ती बाईपास 11 /2002 में पूर्ण करके यातायात के लिए उपलब्ध करा दिया गया है।
3.	ललितपुर बाईपास का निर्माण कार्य पूर्ण है तथा शहजाद नदी पर निर्मित सेतु यातायात के लिए उपलब्ध है।
4.	हापुड़ बाईपास एन.एच.ए.आई. द्वारा पूर्ण करके दिनांक 13.8.02 को यातायात के लिए उपलब्ध करा दिया गया है।
5.	मुरादाबाद बाईपास एन.एच.ए.आई. द्वारा पूर्ण करके दिनांक 2.7.02 को यातायात के लिए उपलब्ध करा दिया गया है।

(अ-2)- निर्माणाधीन योजनायेंः-

6 (क)	रा.मा.-24 से रा.मा.-28 को जोड़ने वाला लखनऊ बाईपास (रिंग-रोड रा.मा.-24 ए) लम्बाई 10.794 कि.मी. की स्वीकृति लागत रू. 73.73 करोड़ है। इस अतिमहत्वपूर्ण योजना में सीतापुर रोड पर इंजीनियरिंग कालेज के समीप एक 2 लेन के नए उपरिगामी सेतु (पहले से 2 लेन का उपरिगामी सेतु लगभग 2 वर्ष पूर्व बना हुआ है, इसके बगल में दूसरा बनाया जाना है), खुर्रमनगर चौराहे के समीप कुकरैल नाले पर 3 नं. प्रत्येक 2 लेन चौड़े सेतु एवं राजकीय पालीटेक्निक चौराहे पर 4 लेन चौड़े ग्रेड सेपरेटर के निर्माण सहित 4 लेन " डिवाइडेड कैरजवे" तथा दोनों ओर सर्विस रोड एवं ड्रेन निर्माण के साथ बाईपास मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। समस्त कार्य पूर्ण करने की लक्ष्य तिथि 10 /2004 है।
(ख)	रा.मा.-28 को रा.मा.-56 होते हुए रा.मा.-25 को जोड़ने वाले लखनऊ शहर के बाईपास के भाग रिंग-रोड (रा.मा. -56 ए, 56 बी) जिसकी लम्बाई 22.850 कि.मी. है, का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए. आई.) द्वारा किया जा रहा है। इसे पूर्ण करने की लक्ष्य तिथि 3/2004 है।

ब- <u>प्रस्तावितः-</u>

1- बरेली बाईपास के भूमि अध्याप्ति हेतु रू. 1207.20 लाख की स्वीकृति सड़क परिवहन एवं राज़ मार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से 11 /2001 में प्राप्त हो चुकी है। भूमि अध्याप्ति की कार्यवाही हो रही है।

2- वाराणसी बाईपास के संरेखण (फेज-1) का अनुमोदन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से 11 /2001 में प्राप्त हुआ है, जिसके भूमि अध्याप्ति हेतु रू0 1466.00 लाख की स्वीकृति प्राप्त है। भूमि अध्याप्ति की कार्यवाही प्रगति पर है।

3- गाजीपुर बाईपास के निर्माण हेतु संरेखण का अनुमोदन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त हो चुका है। भूमि अध्याप्ति हेतु आगणन सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय भारत सरकार को स्वीकृत हेतु भेजा जा चुका है। इसके निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना आख्या भी मंत्रालय को भिजवाया जा चुका है।

(II) <u>सेतु निर्माणः-</u>

(i) <u>लघु सेतुः-</u>

1- रा0मा0-56 के कि0मी0 191 में पीली नदी सेतु 6/2002 में पूर्ण करके यातायात हेतु उपलब्ध करा दिया गया है।

2- रा0मा0-76 के कि0मी0 337 में स्थानीय नाला पर लघु सेतु सं0 337/2 का निर्माण 6/2002 में पूर्ण हो गया है।,

(ii) <u>वृहद सेतु :-</u>

1- लखनऊ-कानपुर रा0मा0-25 के कि.मी.-28 में सई सेतु का निर्माण मुख्य सेतु माह 11/02 में पूर्ण कर लिया गया है। पहुँच मार्ग का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एन.एच.ए.आइ.) द्वारा किया जाना है।

2- गाजीपुर-बलिया-हाजीपुर,रा0मा0-19 पर बिहार सीमा पर घाघरा नदी पर मांझी घाट सेतु एवं पहुंच मार्ग का कार्य उ0प्र0 राज्य सेतु निगम द्वारा किया जा रहा है, जिसे 12/2003 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है।

3- रा0मा0-24 के कि0मी0 358 में शारदा हरदोई ब्रान्च कैनाल सेतु निर्माण कार्य प्रगति पर है इसे 10/2003 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

4- रा.मा.-58 के कि.मी.-88 में सकौती-टाण्डा रेलवे उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य प्रगति पर है इसे 3/2004 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

(iii) <u>निर्माण एवं अनुरक्षण कार्यः-</u>

1- वर्ष 2002-2003 में 50 मूल कार्यो को पूर्ण करने के लक्ष्य के सापेक्ष 56 कार्य पूर्ण किये जा चुके है। राष्ट्रीय मार्गों के राइडिंग क्वालिटी के स्तर में सुधार कार्य में वित्तीय वर्ष 2002-03 के लिए निर्धारित लक्ष्य 197.000 कि0मी0 के सापेक्ष 315.000 कि0मी0 पूर्ण किये जा चुके है।

2- वार्षिक योजना 2002-03 में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा रू. 123.60 करोड़ की स्वीकृतियाँ जारी की गयी हैं। इसके अतिरिक्त रा0मा0-91 के कि0मी0 225.000 से 324.000 तक के भाग में कुल 7 आगणनों पर कुल रू. 26.23 करोड़ की स्वीकृतियां राइडिंग क्वालिटी के स्तर में सुधार हेतु जारी की गयी हैं।

3- वर्ष 2002-03 में राष्ट्रीय मार्गों पर नवीनीकरण कार्यों हेतु राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार 27 आगणन प्रेषित किए गये थे, जिसकी कुल अनुमानित लागत रू. 42.74 करोड़ एवं प्रस्तावित लम्बाई 351 कि.मी. है, इसके अन्तर्गत 12 आगणन जिनकी अनुमानित लागत रू. 17.79 करोड़ एवं लम्बाई 172 कि0मी0 हेतु फरवरी 2003 के अन्त में स्वीकृतियाँ प्राप्त हुयी है, कार्य प्रगति पर है। वर्ष 2002-03 में नवीनकरण के अन्तर्गत 83.000 कि.मी. में सतह सुधार कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त 8 आगणन अनुमानित लागत रू.11.37 करोड़ 118 कि0मी0 लम्बाई हेतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को उनके अनुमोदन के अनुसार भेजे गए, जिसमें से 6 आगणनों की कुल लम्बाई 57 कि0मी0 हेतु अनुमोदित लागत 6.32 करोड़ रू. की स्वीकृति प्राप्त हुई, इनमें से 21 कि0मी0 में नवीनीकरण का कार्य दिनांक 31.3.2003 तक पूर्ण करा लिया गया है तथा रू. 1.42 करोड़ का व्यय हो चुका है एवं शेष पर कार्य प्रगति में है।

4- वर्ष 2002-03 में 3/2003 तक मूल कार्यों पर रू. 136.31 करोड़ आवंटन के सापेक्ष रू. 136.16 करोड़ का व्यय किया गया तथा अनुरक्षण कार्यों पर रू. 30.66 करोड़ का व्यय किया गया है।

महत्वपूर्ण मार्ग विकास योजनाएं

1- नहर सेवा मार्गों को पक्का करने की योजनाः-

प्रदेश में उपलब्ध नहर की पटरियों के माध्यम से यातायात सुलभ कराने के उद्देश्य से नहर की पटरियों को पक्का करके आस-पास के ग्रामों को यातायात की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

वर्ष 1998-99 में 802 कि0मी0 लम्बाई में लोक निर्माण विभाग द्वारा 55 जनपदों में 215 नहर पटरियों को रू0 6188 लाख की लागत से पक्का करने की योजना स्वीकृत है। 193 कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है।

वर्ष 1999-2000 में लोक निर्माण विभाग द्वारा 26 जनपदों में 136 नहर पटरियों के 280 कि0मी0 लम्बाई में रू0 2337 लाख की लागत से पक्का करने की योजना स्वीकृत है। जिनमें से 123 कार्य पूर्ण किये जा चुके है।

वर्ष 2000-2001 से इस योजना के अन्तर्गत कोई नए कार्य प्रस्तावित नहीं किये जा रहे है। इस वित्तीय वर्ष में अधीनीत कार्यों को पूर्ण करने हेतु कार्यवाही की गई।

2- ग्रामींण मार्ग/सेतु संबंधी अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण कराने की नाबार्ड वित्त पोषित योजना आर0आई0डी0एफ0-2 से 7 तकः-

उक्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों पर भौतिक प्रगति का विवरण निम्नवत् हैः-

क्रम सं0	योजना का नाम	कार्यों की संख्या	स्वीकृत लागत	डिलिशन के पश्चात्		3/2003 तक प्रगति (रू. करोड़ में)	
				कार्यों की सं0	लागत	भौतिक	वित्तीय
1	2	3	4	5	6	7	8
1	आर.आई.डी.एफ.-2						
	मार्ग	961	151.34	820	120.26	796	127.28
	सेतु	80	124.23	74	114.70	53	122.00
2	आर.आई.डी.एफ.-3						
	मार्ग	1183	111.34	1122	105.05	1122	105.07
	सेतु	25	29.84	24	29.30	17	30.50
3	आर.आई.डी.एफ.-4						
	मार्ग	1849	222.45	1733	209.28	1389	209.74
	सेतु	89	114.84	85	107.90	43	99.81
4	आर.आई.डी.एफ.-5						
	मार्ग	889	128.04	969	125.87	743	117.90
	सेतु	34	48.22	34	43.22	4	35.20
5	आर.आई.डी.एफ.-6						
	मार्ग	1468	240.53	1368	225.20	288	119.13
	सेतु	---	--	--	---	--	--
6	आर.आई.डी.एफ.-7						
	मार्ग	1684	200.66	1539	181.80	581	111.08
	सेतु	12	23.50	12	23.50	--	1.15

3. <u>डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगरीय मार्ग सुधार योजना -</u>

इस योजना के अन्तर्गत 1 लाख से अधिक जनसंख्या वाले ऐसे नगरों जिनमें नगर निगम स्थापित नहीं है, के नगरीय भागों के सुधार व जल निकासी की समस्या के निदान हेतु कार्य कराये जाते हैं। इस योजना का प्रारम्भ वर्ष 97-98 में किया गया था।

वर्ष 1997-98 में प्रदेश के 15 शहरों के लिए रू0 1128 लाख की लागत से 62 कि0मी0 लम्बाई के कार्य स्वीकृत किये गये, जिसमें से माह 03/2003 तक 14 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं।

वर्ष 1998-99 में 22 शहरों के लिए 88 कि0मी0 लम्बाई में रू0 1878 लाख के 34 कार्य स्वीकृत किये गये थे। 1 कार्य राष्ट्रीय मार्ग में परिवर्तित होने के कारण निर्माणाधीन 33 कार्यों पर माह 03/2003 तक रू0 1848 लाख का व्यय कर 31 कार्य पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्य प्रगति पर हैं।

वर्ष 1999-2000 में 4 शहरों के लिए 14 कि0मी0 लम्बाई में रू0 251 लाख के 4 कार्य स्वीकृत किये गये । इन कार्यों पर माह 03/2003 तक 254 लाख व्यय किया गया है। 2 कार्य पूर्ण है एवं शेष कार्य प्रगति पर हैं।

वर्ष 2000-01 में इस योजना में 10 शहरो के लिए 34 कि0मी0 लम्बाई में रू. 910 लाख के 12 कार्य स्वीकृत किये गये है। 1 कार्य अन्य योजना से पूर्ण कर लिये जाने के कारण निर्माणाधीन 11 कार्यों पर माह 03/2003 तक रू. 853 लाख का व्यय कर 8 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं।

वर्ष 2001-02 में इस योजना में 2 शहरों में 3.250 कि.मी. लम्बाई में रू. 122.78 लाख के 2 कार्य स्वीकृत किये गये है माह 03/2003 तक रू. 97.48 लाख का व्यय कर 1 कार्य पूर्ण किया जा चुका है शेष कार्य प्रगति पर हैं।

वर्ष 2002-03 में इस योजनान्तर्गत 1 शहर में 2.500 कि.मी. लम्बाई में रू. 65.26 लाख का एक कार्य स्वीकृत किया गया है।

4- <u>अम्बेडकर ग्राम विकास योजना (सम्पर्क मार्गों का संतृप्तीकरण) :-</u>

अनुसूचित-जाति/जन-जाति के लोगों की दयनीय आर्थिक, सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर कई विकास कार्यक्रम संचालित किए गए। परन्तु इन वर्गों की दशा में पर्याप्त सुधार परिलक्षित न होने के कारण अनुसूचित-जाति/जन-जाति की जनसंख्या के बाहुल्य वाले क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सीधा लाभ पहुँचाने के दृष्टिकोण से वर्ष 1990-91 में यह योजना प्रारम्भ की गयी थी।

अम्बेडकर ग्राम विकास योजना के प्रारम्भ अर्थात् वर्ष 1990-91 से 1995-96 तक उन ग्रामों को अम्बेडकर ग्राम के रूप में चयनित किया गया, जिसमें अनुसूचित-जाति/जन -जाति की

जनसंख्या 1991 की जनगणना के अनुसार 50 प्रतिशत या उससे अधिक थी। इस आधार पर चयनित ग्रामों के छोटे होने के कारण सृजित अवस्थापना सुविधाओं का लाभ कम जनसंख्या को मिल रहा था। जिस परिप्रेक्ष्य में वर्ष 1996-97 में अम्बेडकर ग्रामों के चयन के मापदण्ड में संशोधन किया गया तथा संशोधित मापदण्ड के अनुसार जनपद के सभी ग्राम 1991 की जनगणना के आधार पर अनुसूचित-जाति/जन-जाति को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करके सर्वाधिक जनसंख्या वाले उन ग्रामों को चयनित किया गया है, जिनमें अनुसूचित-जाति/जन-जाति की संख्या 30 प्रतिशत या उससे अधिक थी। इसी परिप्रेक्ष्य में वर्ष 1997-98 में यह निर्णय लिया गया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में एकरूपता बनाये रखने के उद्देश्य से अम्बेडकर ग्रामों के चयन के मापदण्ड में पुनः संशोधन किया जाए। इस निर्णय के अनुसार नगरीय क्षेत्रों को छोड़ते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों से 10-10 ऐसे राजस्व ग्राम, जिनमें अनुसूचित-जाति/जन-जाति की जनसंख्या 30 प्रतिशत या उससे अधिक थी, आबादी को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करते हुए अम्बेडकर ग्राम के रूप में चयनित किए गए हैं। इसी प्रकार वर्ष 1998-99 में प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र (शहरी इलाकों को छोड़कर) से अपेक्षाकृत अधिक आबादी वाले 10-10 ग्रामों का चयन किया गया। किन्तु इस वर्ष अनुसूचित-जाति/ जन-जाति की 30 प्रतिशत आबादी का प्रतिबंध समाप्त किया गया।

वर्ष 2002-03 में वर्ष 1995-96 एवं 1997-98 में चयनित, परन्तु असंतृप्त 2463 ग्रामों को पक्के सम्पर्क मार्गों से जोड़ने की कार्यवाही की गयी।

5- <u>राज्य योजना सामान्य</u>

(1) <u>1.4.97 के पूर्व के कार्य :-</u>

इसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2002-03 में पुनर्विनियोग के बाद रू0 3000.00 लाख की बजट व्यवस्था से माह मार्च 2003 तक रू0 2580.85 लाख व्यय करके 28 कार्य पूर्ण किये गये हैं।

(2) <u>1.4.97 के बाद के कार्य :-</u>

इसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2002-03 में पुनर्विनियोग के बाद रू0 2834.85 लाख की बजट व्यवस्था से माह मार्च 2003 तक रू0 2576.04 लाख व्यय करके 61 कार्य पूर्ण किये गये हैं।

6- <u>जिला योजना के कार्य</u>

(अ) <u>जिला योजना सामान्य :</u>

इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2002-03 में बजट प्राविधान रू0 7471.05 लाख था, जिसके सापेक्ष रू0 7358.24 लाख व्यय करके 467 कार्य पूर्ण किये गये हैं।

(ब) <u>जिला योजना (स्पेशल कम्पोनेट प्लान) :</u>

इसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2002-03 में बजट प्राविधान रू0 6618.68 लाख था, जिसके सापेक्ष रू. 5138.47 लाख व्यय कर 380 कार्य पूर्ण किए गये हैं।

(स) <u>जिला योजना-अम्बेडकर ग्राम (एस0एन0डी0):</u>

इसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2002-03 में पुनर्विनियोग के बाद रू0 26,746.16 लाख की बजट व्यवस्था से रू. 24,770.89 लाख का व्यय कर 2050 कार्य पूर्ण किए गये हैं।

7- <u>विशेष विकास पैकेजः-</u>

प्रथमतः वर्ष 2001-02 मे विशेष एक-मुश्त (वनटाइम) अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के अन्तर्गत बुन्देलखण्ड /पश्चिमांचल /मध्यांचल /पूर्वांचल पैकेज में सम्मिलित कार्यों के लिये एकमुश्त व्यवस्था रू0 5093.41 लाख के सापेक्ष कुल निर्गत शुद्ध आंवटन रू. 196.69 लाख के विरूद्ध माह 3/2002 तक कुल व्यय मात्र रू0 48.66 लाख रहा।

वर्ष 2002-2003 हेतु उक्त चारों विशेष पैकेज के अन्तर्गत पुर्नविनियोग के बाद नए कार्यो हेतु रू. 1212.62 लाख एवं अधिनीत कार्यो हेतु रू. 5293.15 लाख बजट व्यवस्था के विरूद्ध पैकेजवार स्थिति निम्न रही हैः-

(अ) <u>बुन्देलखण्ड विकास पैकेजः-</u>

वर्ष 2002-03 के आय-व्ययक में कुल रू. 1952.56 लाख अधिनीत कार्यो हेतु उपलब्ध बजट-व्यवस्था में से माह 03/2003 तक कुल रू. 1333.54 लाख का व्यय कर 45.400 कि0मी0 लम्बाई में कार्य पूर्ण किया गया है एवं 77.980 कि0मी0 लम्बाई में कार्य प्रगति पर है। नए कार्यो हेतु उपलब्ध बजट-व्यवस्था रू. 413.47 लाख के सापेक्ष माह 3/2003 तक रू. 281.31 लाख व्यय किया गया तथा कार्य प्रगति पर है।

(ब) <u>पश्चिमांचल पैकेजः-</u>

वर्ष 2002-03 के आय-व्ययक में कुल रू. 922.82 लाख अधिनीत कार्यो हेतु उपलब्ध बजट-व्यवस्था में से माह 03/2003 तक कुल रू. 714.85 लाख का व्यय कर 32.580 कि0मी0 लम्बाई में कार्य पूर्ण किया गया है एवं 70.570 कि0मी0 की लम्बाई में कार्य प्रगति पर है। नए कार्यो हेतु उपलब्ध बजट-व्यवस्था रू. 388.00 लाख के सापेक्ष माह 3/03 तक रू. 27.00 लाख व्यय किया गया। तथा कार्य प्रगति पर है।

(स) **मध्यांचल विकास पैकेज :-**

वर्ष 2002-03 के आय व्ययक में कुल रू0 902.09 लाख अधिनीत कार्यो हेतु उपलब्ध बजट व्यवस्था में से माह 03/2003 तक कुल रू. 848.28 लाख का व्यय कर 12.330 किमी0 लम्बाई में कार्य पूर्ण किया गया है एवं 39.700 कि0मी0 लम्बाई में कार्य प्रगति में है। नए कार्यो हेतु उपलब्ध बजट-व्यवस्था रू. 99.10 लाख के सापेक्ष माह 3/2003 तक रू. 00.00 लाख व्यय किया गया तथा कार्य प्रगति पर है।

(द) पूर्वांचल विकास पैकेज :

वर्ष 2002-03 के आय व्ययक में कुल रू0 1515.68 लाख अधिनीत कार्यो हेतु उपलब्ध बजट व्यवस्था में से माह 03/2003 तक कुल रू0 1234.22 लाख का व्यय कर 2.300 किमी0 लम्बाई में कार्य पूर्ण किया गया है एवं 51.950 कि0मी0 लम्बाई में कार्य प्रगति पर है। नए कार्यो हेतु उपलब्ध बजट-व्यवस्था रू. 312.05 लाख में से माह 3/2003 तक रू. 63.10 लाख व्यय किया गया। तथा कार्य प्रगति पर है।

8- मार्ग एवं सेतुओं का अनुरक्षणः-

प्रदेश की सडकों की मरम्मत करने और उन्हें गड्ढामुक्त करने की योजनाः-

राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण के अधीन की लम्बाई को छोड़कर वर्तमान में प्रदेश में लो0नि0वि0 के अधीन 1,11,235 कि.मी. का विशाल सड़क जाल है, जिसमें 3273 कि0मी0 राष्ट्रीय मार्ग, 9,609 कि0मी0 राज्य मार्ग व 7305 कि0मी0 प्रमुख जिला मार्ग, 25,418 कि.मी. अन्य जिला मार्ग व 65,630 कि.मी. ग्रामीण मार्ग सम्मलित है। इन मार्गो का रख रखाव विभाग द्वारा किया जाता है। यातायात घनत्व अधिक बढ़ जाने के कारण एवं संसाधनों की कमी के कारण इन मार्गो का समुचित रख-रखाव नहीं हो पा रहा था। इससे जन-सामान्य भी काफी प्रभावित था व आवागमन में जन-सामान्य को काफी परेशानी हो रही थी। इस दृष्टिकोण से वर्तमान में मार्गो को गढढामुक्त करने का एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप सभी राष्ट्रीय मार्ग,राज्य मार्ग, प्रमुख जिला मार्ग तथा महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गो को गढढामुक्त रखा जा रहा है एवं अधिक से अधिक नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसको एक सतत प्रक्रिया के रूप में लिया गया है। धनाभाव के कारण सभी ग्रामीण मार्गो तथा कम महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गो को इस अभियान में सम्मिलित नहीं किया जा सका है।

वर्ष 2002-03 में सड़को/सेतुओं के अनुरक्षण मद में बजट में प्राविधानित धनराशि रू. 126.00 करोड़ के अन्तर्गत राज्य मार्गो का नवीनीकरण, मार्गो को गड्ढामुक्त किये जाने का कार्य, पान्टून पुल/फेरी का अनुरक्षण, रेलवे सम्पारों का अनुरक्षण, विशेष मरम्मत आदि के कार्य कराये जा रहे हैं। राज्य सड़क निधि के अन्तर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि रू0 230 करोड़ से ग्रामीण मार्गो, अम्बेडकर गांवों का नवीनीकरण /सुधार का कार्य एवं राज्य मार्ग, प्रमुख जिला मार्गो/अन्य जिला मार्गो के नवीनीकरण एवं मार्गो पर विशेष मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। इस वर्ष राज्य मार्गो/प्रमुख जिला मार्गो एवं अन्य जिला मार्गो को पी-2/एस.डी.सी. से नवीनीकरण हेतु अनुमोदित 6387 कि0मी0 के सापेक्ष माह 3/2003 तक 3030 कि.मी. वर्ष 1995-96 एवं वर्ष 1997-98 में चयनित अम्बेडकर ग्रामों में निर्मित मार्गो की मरम्मत एवं नवीनीकरण किया जा चुका है।

9- **मार्गों का उच्चीकरण :-**

मार्गों की उपयोगिता जिला व यातायात घनत्व के आधार पर विभिन्न श्रेणी के मार्गों को उच्चीकृत करने की योजना के अन्तर्गत वर्ष 2002-03 में एक प्रमुख जिला मार्ग को उच्चीकृत कर राज्य मार्ग घोषित किया गया है।

10- **केन्द्रीय मार्ग निधि:-**

वर्ष 2001-02 में रू. 65.38 करोड़ के बजट प्राविधान के सापेक्ष माह 3/2002 तक रू. 27.0776 करोड़ का शुद्व धनांवटन जारी हुआ था। माह 3/2002 के अन्त तक रू. 19.7775 करोड़ का व्यय कर कुल 53 कि.मी. लम्बाई में मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण किया गया था।

वर्ष 2002-03 में रू. 96.7517 करोड़ के पुनरीक्षित बजट प्राविधान के सापेक्ष माह 3/2003 तक रू. 94.6511 करोड़ का शुद्व धनांवटन जारी हुआ था। माह 3/2003 के अन्त तक कुल रू. 85.6740 करोड़ का व्यय कर कुल 202 कि0मी0 लम्बाई मे मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है तथा 2 रेल उपरिगामी सेतुओं का निर्माण कार्य भी प्रारम्भ किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2003-04 के अधिनीत मार्ग कार्य हेतु रू. 85.23 करोड़ का बजट प्राविधान प्रस्तावित है, लेखानुदान से निवर्तन पर प्राप्त धनराशि रू. 23.9382 करोड़ के सापेक्ष रू. 23.9382 करोड़ का आंवटन क्षेत्रों को निर्गत किया जा चुका है तथा 503.100 कि.मी. लंबाई में कार्य प्रगति पर हैं।

11- **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना :-**

इस योजना का प्रारम्भ वर्ष 2000-01 में हुआ था। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2001 की जनगणना के आधार पर 1000 व इससे अधिक जनसंख्या वाली सभी बसावटों(हैबीटेशन) को वर्ष 2003 तक तथा 500 से अधिक जनसंख्या वाली सभी बसावटों को 2007 तक उच्च- गुणवत्ता के सर्वऋतु योग्य सम्पर्क मार्गों से जोड़ा जाना है। इस योजना के कियान्वयन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य कर रहे हैं।

वर्ष 2000-01 की योजना हेतु जिला योजना के अधिनीत कार्यों हेतु रू. 315 लाख की राशि स्वीकृत की गयी थी, जिसके अन्तर्गत 5113 कार्य स्वीकृत हैं। मार्च,2002 तक 3237 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं तथा वित्तीय वर्ष 2002-03 में 03/2003 तक भी अवशेष 1876 कार्य पूर्ण किए जा चुके है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 70 जनपदों में कुल 249 पैकेजों के अन्तर्गत 1529 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा रू. 639 करोड़ की वर्ष 2001-02 में प्रदान की गयी थी।

लोक निर्माण विभाग द्वारा 56 जनपदों में 1180 मार्गों का निर्माण, जिनकी लम्बाई लगभग 2050 कि. मी. तथा ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग द्वारा 14 जनपदों में 227 मार्गों, जिनकी लम्बाई 512 कि.मी. है, पर कार्य प्रारम्भ कराया गया। वित्तीय वर्ष 2002-03 में लो.नि.वि. द्वारा 160 काय पूर्ण कर 217 कि.मी. सड़क निर्माण का कार्य सम्पादित कर लिया गया है।

भवन विंग संगठन एवं विवरण

1. **भवन विंग संगठनः-**

भवन निर्माण का कार्य जनपदों में लोक निर्माण विभाग के विभिन्न खण्डों द्वारा सम्पादित किया जाता है।मुख्यालय पर समीक्षा एवं समन्वय हेतु मुख्य अभियन्ता 'भवन' (स्तर-एक) के अधिकारी तैनात है, जिनके अधीनस्थ भवनों की समीक्षा एवं परिकल्पना के लिए अधिकारी उपलब्ध है।

2- **भवन कार्यों का विवरण**

(अ) **भवन निर्माण :-**

भवन विंग द्वारा राज्य के चिकित्सा, शिक्षा, खेलकूद, पर्यटन, पुलिस, कृषि, उद्योग, तकनीकी शिक्षा, तकनीकी शिक्षा- विश्व बैंक पोषित, न्याय, राजस्व आदि विभागों के विभिन्न प्रकार के अवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य तथा लो0नि0 विभाग की स्वयं की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत निर्माण कार्यो का सम्पादन किया जाता है। इन निर्माण कार्यो का वित्तीय प्राविधान लो0नि0वि0 के अथवा सम्बन्धित विभाग के आय-व्ययक में होता है।

(ब) **भवन अनुरक्षणः-**

विभाग द्वारा लखनऊ में राज्य सम्पत्ति विभाग के सभी भवन, राजभवन, माननीय उच्च न्यायालय, के0डी0सिंह बाबू स्टेडियम, विधान भवन तथा लो0नि0वि0 की स्वयं की सभी आवासीय कालोनियों के रख रखाव का कार्य भी सम्पादित कराया जाता है। अन्य जनपदों में पूल्ड आवास तथा लो0नि0वि0 के अन्य सभी भवनों तथा सर्किट हाउस व निरीक्षण भवनों के रख रखाव का कार्य विभाग द्वारा किया जाता है। जनपदं इलाहाबाद में माननीय उच्च न्यायालय व लोक सेवा आयोग के भवनों का रख-रखाव भी विभाग द्वारा सम्पादित कराया जाता है।

लो0नि0वि0 एवं राज्य सम्पत्ति विभाग के आवासीय एवं अनावासीय भवनों से सम्बन्धित कार्यो हेतु वर्ष 2002-03 में कुल बजट प्राविधान रू. 47.20 करोड़ किया गया था, जिसमें आयोजनागत कार्यो हेतु रू.0 8.10 करोड़ एवं आयोजनेत्तर कार्यो हेतु रू. 39.10 करोड़ का प्राविधान था जिससे भवनों के निर्माण एवं रख-रखाव आदि का कार्य कराया गया।

इस वर्ष पूल्ड आवास योजना तथा अन्य आयोजनागत कार्यो के लिये रू0 नौ करोड़ चौरासी लाख (रू0 9.84 करोड़) का प्रस्ताव है। भवनों के अनुरक्षण के लिये रू0 अड़सठ करोड़ तिरपन लाख (रू0 68.53 करोड़) का प्रस्ताव है, जिसमें से राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन आने वाले आवासीय तथा अनावसीय भवनों के लिये रू0 पैंतालिस करोड़ छयालिस लाख (रू0 45.46 करोड़) का प्राविधान किया गया है। इस प्रकार भवनों के निर्माण एवम् अनुरक्षण हेतु रू0 अठहत्तर करोड़ सैंतीस लाख (रू0 78.37 करोड़) का प्राविधान है।

बाहय सहायतित कार्य (राष्ट्रीय मार्ग के कार्य को छोड़कर)

1- विश्व बैंक पोषित स्टेट रोड प्रोजेक्ट-II के कार्य

हमारे प्रदेश एवम् देश के सामाजिक एवम् आर्थिक विकास हेतु अच्छे गुणवत्ता वाले मार्गों का होना आवश्यक है। प्रदेश में राष्ट्रीय मार्गों को छोड़कर अन्य श्रेणियों के मार्गों की लगभग 7000 कि0मी0 लम्बाई का एक ऐसा कोर रोड नेटवर्क है जिस पर प्रदेश का ज्यादातर अर्न्तराज्यीय यातायात संचालित होता है। इस कोर रोड नेटवर्क के लगभग 3500 कि0मी0 लम्बाई के मार्गों के उच्चीकरण एवं वृहद् रखरखाव हेतु उत्तर प्रदेश सरकार को विश्व बैंक से भारत सरकार के माध्यम से ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। इस परियोजना अर्थात स्टेट रोड प्रोजेक्ट-II का निष्पादन दो चरणों में किया जाना है :-

प्रथम चरण :- 374 कि0मी0 लम्बाई में मार्गो का उच्चीकरण एवम् 808 कि0मी0 लम्बाई में मार्गों का वृहद रखरखाव प्रस्तावित है।

द्वितीय चरण - 576 कि0मी0 लम्बाई में मार्गो का उच्चीकरण, 1766 कि0मी0 लम्बाई में मार्गो का वृहद रखरखाव, 20 कि0मी0 लम्बाई में चार बाई-पासों का निर्माण तथा 5 दीर्घ सेतुओं का निर्माण गंगा, यमुना, घाघरा व शारदा जैसी प्रमुख नदियों पर प्रस्तावित है।

इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 614.84 मिलियन डालर अर्थात् रू0 2952 करोड़ है, इसमें से 488 मिलियन डालर अर्थात् रू0 2342 करोड़ की धनराशि विश्व बैंक द्वारा भारत सरकार के माध्यम से ऋण के रूप में उपलब्ध करायी जायेगी तथा अवशेष धनराशि उ0प्र0 सरकार द्वारा निजी संसाधनों के माध्यम से वहन की जायेगी। भारत सरकार द्वारा उक्त 2342 करोड़ की धनराशि में से उत्तर प्रदेश सरकार को 70% धनराशि ऋण के रूप में एवम् 30% सहायता के रूप में धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी। इस परियोजना को साढ़े पांच वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य है। दिनांक 19.02.2003 को विश्व बैंक के साथ लोन एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर हो गये हैं एवं लोन के प्रभावी होने की तिथि 02.04.2003 है तथा समाप्ति की सम्भावित तिथि 31.12.2008 है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रिट्रोऐक्टिव फाइनेन्सिंग के माध्यम से इस परियोजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत 16 पैकेजों के द्वारा 779 कि0मी0 लम्बाई में वृहद रखरखाव का कार्य रू0 314.8 करोड़ धनराशि का स्वीकृत किया गया है, जिसमें से 12 पैकेजों में वृहद् रखरखाव का कार्य आरम्भ कराया जा चुका है तथा उ0प्र0 सरकार द्वारा चार पैकेजों में 374.0 कि0मी0 लम्बाई में मार्गो के सुधार हेतु रू0 555.00 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन कार्यो हेतु अनुबन्ध माह मार्च 2003 में गठित किए जा चुके है।

इसके अतिरिक्त इस परियोजना के गठन हेतु प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटिंग कन्सलटेन्सी का कार्य शासन द्वारा माह अगस्त 99 में रू0 37.36 करोड़ धनराशि पर स्वीकृत किया गया था, यह कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना पर मार्च 2003 तक कुल रू0 88.60 करोड़ की धनराशि व्यय की जा चुकी है।

2- ऊसर भूमि सुधार योजना एवं यू0पी0 डी0ए0एस0पी0:-

" बाह्य सहायतित ऊसर भूमि सुधार योजना" के अन्तर्गत 700 कि0मी0 लम्बाई के सम्पर्क मार्गों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना में वर्ष 2002-2003 तक 197 कि.मी. पूर्ण किए जा चुके है एवं वर्ष 2003-04 में 400 कि.मी. मार्ग पूर्ण किया जाना लक्षित है।

" यू0पी0डी0ए0एस0पी0" के अन्तर्गत 32 जनपदों में कुल 2670 कि0मी0 सम्पर्क मार्गों के निर्माण के प्रस्ताव के सापेक्ष वर्ष 2002-2003 तक 1457 कि.मी. का कार्य पूर्ण हो गया है तथा वर्ष 2003-04 में शेष 1214 कि.मी. लम्बाई के मार्गों का निर्माण लक्षित है।

उक्त दोनों योजनाओं का कार्यान्वयन लो0नि0वि0 के 5 वृत्त व 17 खण्डों द्वारा सम्पादित किया जा रहा है।

